मोना
सहायक प्रोफेसर
अर्थशास्त्र विभाग
महाराजा कॉलेज
वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा
बी **0** ए**0-II**
पत्र **- III**
विषय **-** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

भारत में आपातकालीन घोषणा के उपरान्त 1 जुलाई, 1975 को स्वर्गीय तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने 20 सूत्रीय कार्यक्रम देश के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आसान शर्तों पर भूमिहीन कृषकों, श्रमिकों एवं अन्य गरीब वर्ग के लोगों को सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था थी।

इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारत सरकार ने समूचे देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित करने का निर्णय लिया। तदुपरान्त 26, दिसम्बर, 1975 को राष्ट्रपति ने एक अध्यादेश- “The Rational Rural Bank Ordinance – 1975” जारी किया।क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRBs) की स्थापना 1975 अध्यादेश और 1976 के RRB अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई थी.

Ownership of Regional Rural Banks - RRB का स्वामित्व :

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पर तीन संस्थाओं का स्वामित्व है:

- 50% की हिस्सेदारी के साथ केंद्र सरकार
- 15% की हिस्सेदारी के साथ राज्य सरकार और
- 35% की हिस्सेदारी के साथ प्रायोजक बैंक (कोई भी वाणिज्यिक बैंक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रायोजित कर सकता है)

Regional Rural Banks Objective

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के कर्त्तव्य

- ग्रामीण और अर्ध - शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का कार्य है.
- RRB छोटे और सीमांत किसानों, कृषि मजदूरों, सहकारी समितियों, कारीगरों, छोटे उद्यमियों और छोटे साधनों वाले व्यक्तियों को ऋण प्रदान करने का कार्य करता है.
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम(MGNREGA) के तहत श्रमिकों की मजदूरी के भुगतान का कार्य करता है.
- पेंशन और अन्य सरकारी लाभों को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाना क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का कार्य है.
- सभी RRB बैंक DICGC योजना के अंतर्गत आते हैं और उन्हें RRB के कैश रिजर्व रेश्यो और वैधानिक तरलता अनुपात के लिए आवश्यक शर्तों का पालन करना होता है.
- लॉकर की सुविधा, डेबिट और क्रेडिट कार्ड की तरह पैरा-बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना भी RRB का कार्य है.

RRB Structure - RRB संगठन की संरचना

RRB की संरचना RRB के आकार और प्रकृति के आधार पर एक RRB से दूसरे RRB में भिन्न हो सकता है. एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अधिकारियों का पदानुक्रम निम्नलिखित है.

- Board of Directors
- Chairman & Managing Director
- General Manager
- Assistant General Manager
- Regional Manager/Chief Manager
- Senior Manager
- Manager
- Officer
- Office Assistant
- Office Attendant

Number of Regional Rural Banks in India - भारत में RRB की संख्या

वर्तमान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक विलय प्रक्रिया से गुजर रहा है. हमारे पास RRB की संख्या की एक सूची है जो इस प्रकार है.

- Dec 1975:- 6 RRBs
- Dec 1980:- 85 RRBs
- Dec 1985:- 188 RRBs
- Mar 1990:- 196 RRBs
- Mar 2006:- 133 RRBs
- Mar 2011:- 82 RRBs
- Mar 2013:- 64 RRBs
- Mar 2014:- 57 RRBs
- Mar 2016:- 56 RRBs
- Jan 2019:- 45 RRBs
- April 2020:- 43 RRBs

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक विनियमन

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को RBI द्वारा विनियमित किया जाता है और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा संचालित किया जाता है. सिक्किम और गोवा को छोड़कर भारत में अब सभी राज्यों में आरआरबी हैं.